161. राज्य सूचना आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा समिति की सिफ़ारिश पर की जाती है, जिसका सदस्य नहीं होता है–

(a) मुख्यमंत्री
(b) विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता
(c) मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत कैबिनेट मंत्री
(d) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018
उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2018 (24 जून 2018)

Ans. (d) : राज्य सूचना आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है। उस समिति का अध्यक्ष राज्य का मुख्यमंत्री होता है तथा समिति में दो अन्य सदस्य होते हैं–
1. विधानसभा में प्रतिपक्ष का नेता
2. मुख्यमंत्री द्वारा मनोनीत कैबिनेट मंत्री
इसमें हाईकोर्ट का न्यायाधीश शामिल नहीं होता है।

162. निम्न में से राज्य सूचना आयोग राजस्थान के संदर्भ में कौन सा कथन सही है?

(1) यह एक सांविधिक निकाय है।
(2) यह स्वायत्तशासी निकाय है।
(3) इसका गठन 18 अप्रैल, 2005 को हुआ था।

सही कोड चुनें–

(a) सिर्फ (1)   (b) सिर्फ (1) व (2)
(c) (1), (2) व (3)   (d) सिर्फ (3)

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (b) : राजस्थान राज्य सूचना आयोग की स्थापना 18 अप्रैल 2006 को एक सांविधिक निकाय के रूप में की गयी थी। यह स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करती है तथा इसके अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। इसके प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम. डी. कौराणी (कौरानी) थे। वर्तमान में देवेन्द्र भूषण गुप्ता राज्यस्थान के राज्य सूचना आयुक्त हैं।

163. राजस्थान राज्य के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त कौन थे?

(a) श्री एन.के. जैन   (b) श्री अमरजीत सिंह
(c) श्री एम.डी. कौराणी   (d) श्री इन्द्रजीत खन्ना

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

164. राजस्थान राज्य सूचना आयोग के वर्तमान सूचना आयुक्त कौन है?

(a) एच.सी. मीणा   (b) पी.के. तिवारी
(c) देवेन्द्र भूषण गुप्ता   (d) इनमें से कोई नहीं

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

(xi) राजस्थान राज्य महिला आयोग

165. राजस्थान महिला परिषद की स्थापना, उदयपुर में 1947 में, किसके द्वारा हुई थी?

(a) अरुणा राय   (b) इंदुमती गोयनका
(c) दुर्गावती देवी   (d) शांता त्रिवेदी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : राजस्थान महिला परिषद की स्थापना शांता त्रिवेदी ने वर्ष 1947 ई. में उदयपुर में की। इनका जन्म नागपुर में 1927 ई. हुआ था। इन्होने उदयपुर के परसराम त्रिवेदी से विवाह किया था। इस परिषद ने स्वंत्रता बाद शरणार्थी महिलाओं को पुनः स्थापित करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहायता प्रदान की थी।

166. राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कौन है?

(a) श्रीमती सुमन यादव
(b) श्रीमती जेबा अख्तर
(c) श्रीमती अंजना मेघवाल
(d) श्रीमती रेहाना रियाज चिश्ती

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : राजस्थान राज्य महिला आयोग का गठन 15 मई 1999 को किया गया था। इसकी वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियान चिश्ती हैं जिनका कार्यकाल फरवरी 2022 से फरवरी 2025 तक है। आयोग में तीन सदस्य है-सुमन यादव, अंजना मेघवाल व सुमित्रा जैन। इस आयोग की प्रथम अध्यक्ष श्रीमती कंाता खातुरिया।

167. किस वर्ष में राजस्थान राज्य महिला आयोग की स्थापना हुई?

(a) 1996   (b) 1997
(c) 1998   (d) 1999

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

168. फरवरी 2022 में राजस्थान राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया?

(a) सुमन शर्मा   (b) अन्जना मेघवाल
(c) सुमित्रा जैन   (d) रेहाना रयाज़ चिश्ती

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

169. उदयपुर में राजस्थान महिला परिषद् की संस्थापक कौन थी?

(a) कोकिला देवी   (b) सुशीला त्रिपाठी
(c) कमला स्वाधीन   (d) शांता त्रिवेदी

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (d) : शांता त्रिवेदी का जन्म नागपुर महाराष्ट्र में हुआ था। इनका विवाह उदयपुर के परसराम त्रिवेदी के साथ हुआ। शांता त्रिवेदी ने 1947 ई. में उदयपुर में 'राजस्थान महिला परिषद' की स्थापना की थी।

170. राजस्थान राज्य महिला आयोग है-

(a) सांविधिक निकाय
(b) संवैधानिक निकाय
(c) नियामकीय निकाय
(d) अध्यादेश द्वारा बनाया गया है

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)